an>

Title: Need to provide the benefits of Technology Upgradation Fund Scheme for Textile Industry to Embroidery Units of Surat, Gujarat.

श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत) ः मेरे क्षेत्र सूरत के निवासियों की उद्यमशीलता विशेषकर टेक्सटाइल के क्षेत्र में कुशल आर्थिक गतिविधियों के कारण राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्थानों पर अलग पहचान बनाये हुए हैं। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा टेक्सटाइल उद्योग के विकास हेतु प्रोत्साहित करने वाली नीति टफ (टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन फंड) में बदलाव के कारण एंब्रोइडरी के क्षेत्र को सम्मिलित न करने का निर्णय किया है, जिसके कारण एंब्रोइडरी उद्यमियों में चिंता का माहौल बना हुआ है।

आज देश में सिर्फ सूरत शहर की बात करे तो 10 साल पहले इम्पोर्टेड मशीनरी के सहारे एंब्रोइडरी उद्योग ने देश-विदेश में एक महत्वपूर्ण स्थान हासिल किया था। आज सूरत में ही एंब्रोइडरी के 1.80 लाख से ज्यादा यूनिट शहर के 10 लाख कारीगरों के परिवारों का आर्थिक आधार बना हुआ है। मल्टीहेड एवं सिक्वल जैसे मशीन आज बड़ी मात्रा में चाइना से आयात की जाती है। एक अंदाज के मुताबिक हर महीने 15 से 20 लाख की कीमत की 500 मशीन सूरत में आयात की जाती हैं। यानि अगर देखे तो सिर्फ सूरत में ही हर माह अरबों रूपये की मशीनों का आयात हो रहा है। पिछले साल तक अगर एंब्रोइडरी की मशीनों को मंगवाया जाता तो उस पर टफ के अंतर्गत सब्सिडी मिल रही थी, परंतु वर्तमान नयी टफ की व्यवस्था में एंब्रोइडरी का समावेश नहीं किया गया है।

मेरी सरकार से मांग है कि टफ के लाभान्वित क्षेत्रों की सूची में एंब्रोइडरी को भी सम्मिलित किया जाए।